# पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार

पंत भवन, सातवां तल्ला, नेहरू पथ,
पटना - 800001

पत्रांकः—PMAA/PRN/$\frac{LAKHNI\ BIGHA}{DANAPUR}$/B+G+04/58/2024 601 पटना, दिनांक— 19-5-25

प्रेषक,

**अधीक्षण अभियंता,**
पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार,
बिहार पटना।

सेवा में,

**माँ विंधेश्वरी कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०,**
निदेशक—(1) श्रीमती अनुराधा सिंह,
पति—श्री मुन्ना कुमार,
(2) श्री मुन्ना कुमार,
पिता—श्री सत्येन्द्र प्रसाद सिंह,
निवास स्थान—आर० एन० सिटी, जी—ब्लॉक,
फ्लैट नं०—303, आर० के० पुरम,
ब्लू बेल्स एकेडमी, पटना—801503,
मो०—8445480977

**विषयः— प्लान केस संख्याः— PMAA/PRN/$\frac{LAKHNI\ BIGHA}{DANAPUR}$/B+G+04/58/2024 की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

आपके आवेदन सं0:— PMAA/PRN/$\frac{LAKHNI\ BIGHA}{DANAPUR}$/B+G+04/58/2024 दिनांक—19.09.2024 के संदर्भ में माँ विंधेश्वरी कंस्ट्रक्शन प्रा० लि०, निदेशक—(1) श्रीमती अनुराधा सिंह, पति—श्री मुन्ना कुमार, (2) श्री मुन्ना कुमार, पिता—श्री सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, निवास स्थान—आर० एन० सिटी, जी—ब्लॉक, फ्लैट नं०—303, आर० के० पुरम, ब्लू बेल्स एकेडमी, पटना—801503, बिहार के भवन निर्माण के लिए पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार में बिहार शहरी आयोजना तथा विकास अधिनियम, 2012 के अधीन अधिसूचित विकास योजना/पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार/आयोजना स्कीम/पटना मास्टर प्लान—2031 के आलोक में **मौजा—लखनी बिगहा,** थाना सं०—**41,** थाना—**दानापुर,** सर्वे प्लाट संख्या—**1141 (अंश),** आवासीय भवन (B+G+04) दिनांक—25.03.2025 को स्वीकृतार्थ नक्शा के बाबत निम्नलिखित शर्तों/निर्वधनों के अध्याधीन एतद् द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

1. भूमि/भवन का उपयोग अन्य रूप से आवासीय भवन प्रयोजन, के लिए किया जाएगा और इस प्राधिकार के पूर्व अनुमोदन के बिना उपयोगों को किसी अन्य उपयोग के लिए परिवर्तित नहीं किया जाएगा।
2. विकास पूर्ण रूप से आवश्यक अनुमति के पृष्ठांकन के साथ संलग्न योजनाओं के अनुसार किया जाएगा।
3. अनुमोदन योजना में दर्शाया गया 619.49 वर्गमीटर का पार्किंग स्थान खुला रखा जाएगा और इसके किसी भाग पर निर्माण नहीं किया जाएगा। बेसमेंट में Ventilation हेतु समुचित व्यवस्था बिहार भवन उपविधि के आलोक में प्रावधान करना होगा।

4. प्रश्नगत भूमि आवेदक के विधिपूर्ण स्वामित्व एवं शांतिपूर्ण कब्जा में अवश्य हो।
5. आवेदित भूखण्ड के उत्तर में 9.30मी० से 9.18मी० चौड़ी वर्तमान सर्वे सड़क अवस्थित है।
6. अनुमति (अनुज्ञा) जारी किये जाने की तारीख से पाँच वर्षो की अवधि के लिए विधि मान्य होगी।
7. इस उपबन्ध के अधीन दी गयी अनुमति को उस भूखण्ड़ जिसके लिए योजना अनुमोदित की गयी हो के अधिकार हक, हित की बाबत साक्ष्य नहीं मानी जाएगी।
8. योजना के अनुमोदन के पश्चात् भू–अभिलेख के कारण या अधिकार/हक/हित की बाबत कोई विवाद होने पर विवाद की अवधि के दौरान योजना का अनुमोदन स्वतः रद्द समझी जायेगी।
9. भू–स्वामित्व एवं नक्शा से संबंधित समस्त दस्तावेजों/कागजात के सत्यता की जिम्मेदारी आवेदक की है। भविष्य में इसमें किसी प्रकार की त्रुटि/हेर–फेर/कपटपूर्ण रचना पाये जाने पर नक्शा अस्वीकृत माना जाएगा साथ ही आवेदक के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई भी की जायेगी।
10. निर्माणकर्त्ता को प्राधिकार के विनिर्देशों के अनुसार मल जल, निकास सड़क, एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास बिहार भवन उपविधि–2014 में प्रावधानित उपविधि 8(5) के आलोक में करना होगा।
11. बिहार भू–सम्पदा (विनियामक और विकास) नियमावली–2017 की शर्तो के अधीन राज्य में गठित भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) से इस परियोजना का निबंधन अनिवार्य होगा।
12. श्रम सेस के संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग/श्रम संसाधन विभाग द्वारा निर्गत अनुदेशों का अनुपालन निर्माणकर्त्ता द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।
13. समय–समय पर सरकार द्वारा निर्गत आदेशों एवं नीतियों का विस्तृत रूप में पालन करना अनिवार्य होगा।
14. स्थल पर नक्शे के अनुसार Rainwater Harvesting का प्रावधान निश्चित रूप से करना होगा।
15. बिहार भवन उपविधि–2014, एवं संशोधित (2022) तथा पटना मास्टर प्लान–2031 के साथ DCR में प्रावधानित के अनुसार निमार्ण कार्य सम्पन्न कराना होगा।
16. बिहार भवन उपविधि–2014, एवं संशोधित उपविधि (2022) तथा पटना मास्टर प्लान–2031 के आलोक में स्वीकृत नक्शा में प्रावधानित ग्रीन एरिया एवं अन्य प्रावधानों का प्रावधान किया जाए।
17. प्राधिकार का पत्रांक–521, दिनांक–05.09.2023 के आलोक में बाहरी दिवारों पर अनिवार्य रुप से प्लास्टर कराना अनिवार्य होगा।
18. आवेदक स्वीकृत नक्शे की प्रतिलिपि कार्य स्थल पर हमेशा संलग्न रखेगें, जो प्राधिकार के पदाधिकारियों के स्थल निरीक्षण के दौरान माँगे जाने पर दिखाया जाएगा।

विश्वासभाजन

09/5/25

**अधीक्षण अभियंता,**
पटना महानगर क्षेत्र प्राधिकार।